Title: Need for free movement of Agriculture produce throughout the country -Laid.

श्री अमरपाल सिंह (मेरठ) : सभापति महोदय, हमारे देश में किसान जब भी अपनी फसल का उत्पादन किसी वर्ष में क्लाईमैक्स पर बढ़ाता है तो उसको प्रोत्साहन मिलने के स्थान पर उसका आर्थिक शोषण हो जाता है। उस वर्ष में उसकी उपज के दाम बेतहाशा गिर जाते हैं - चाहे वह गन्ने की फसल हो, आलू की हो, धान की हो, गेहूं की हो या कपास की क्यों न हो? कृषि की उपज अथवा कृषि पर आधारित उद्योगों के प्रोडक्ट अथवा बाई प्रोडक्ट के देश भर में फ्री मूवमैंट पर प्रतिबंध होने के कारण भी किसानों का आर्थिक शोषण होता है।

अतः मेरा भारत सरकार से अनुरोध है कि वह देश में ऐसी व्यवस्था लागू करे कि कोई भी राज्य सरकार कृषि उपज अथवा कृषि पर आधारित प्रोडक्ट या बाई प्रोडक्ट पर अपने राज्य के अन्दर अथवा बाहर आने-जाने पर प्रतिबंध न लगा सके। यदि कोई राज्य सरकार अपनी मनमानी करे तो उसको केन्द्र से मिलने वाली आर्थिक सहायता पर रोक लगा देनी चाहिए।